हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

06 किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत मोटर...



07 करंट लगने से युवक की मौत, परिजन बिफरे, अस्पताल में जोरदार...





## समाचार संक्षेप

### नपा हॉकी टीम ने तीन मैच जीतने पर नपा अध्यक्ष का आशीर्वाद लिया व अध्यक्ष पति के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की



**गुना।** गुरुवार को नगर पालिका गुना की हॉकी टीम द्वारा लगातार तीसरी विजय प्राप्त होने पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के घर पहुंच कर आशीर्वाद लिया एवं उनके पति शअरविंद गुप्ता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नगर पालिका हॉकी टीम ने घर पहुंच कर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता एवं उनके पति का का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने लाल बहादुर शास्त्री कप टूर्नामेंट आयोजित कर गुना की टीम का मान रखा है, जिन्हे अपनी प्रतिभा को सबके समक्ष दिखाने का अवसर मिला है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा प्रातः घोषणा की गई थी की टीम के सभी सदस्यों को ट्रैकसूट प्रदान करेंगे, इसके अलावा आज उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जीतने पर पूरी टीम को डिनर के लिए आमंत्रित किया है तथा यदि गुना टीम सेमी फाइनल जीतती है, तो पूरी टीम को के प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक हॉकी दिलाने का आश्वासन दिया है।श्रीमति गुप्ता एवं उनके पति तथा पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने नगर पालिका टीम को आशीर्वाद दिया एवं जीत के लिए शुभकामनाऐं दी।

### प्रेम और शादी के वादे से मुकरने पर युवती ने लगाई फांसी, परिवार ने युवक पर लगाए आरोप

**गुना।** जिले के सिटी क्षेत्र की राधा कॉलोनी में एक 23 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान रिया रघुवंशी के रूप में हुई है, जो कॉलेज में फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रही थी। परिजनों का आरोप है कि युवक द्वारा शादी का झांसा देकर बाद में इनकार किए जाने और लगातार मानसिक तनाव देने के कारण युवती ने यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार रिया का पिछले तीन-चार वर्षों से आकाश रघुवंशी (बिट्टू) से प्रेम संबंध था। आकाश किसी बैंक में कार्यरत है। बताया गया कि करीब 15 दिन पहले दोनों ने किसी मंदिर में शादी भी कर ली थी, लेकिन इसके बाद युवक और उसके परिजन शादी को स्वीकार करने से मुकर गए। इस बात को लेकर रिया लगातार तनाव में थी। मंगलवार शाम उसने अपने घर में फांसी लगा ली। ।वहीं पिता ब्रजेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि बेटी ने उन्हें बताया था कि उसकी आकाश से सगाई हो चुकी है, लेकिन युवक के माता-पिता राजी नहीं हैं। इसके बाद युवक ने साफ कह दिया कि वह अब शादी नहीं करेगा और सगाई भी तोड़ दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के आरोपों के आधार पर युवक की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### 900 किलोग्राम लाहन व 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, जिला गुना के निर्देशन में तथा संदीप शर्मा, उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में दिनांक 5 फरवरी को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम किंदर एवं मोहरी में दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान लगभग 600 किलोग्राम लाहन एवं 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। मौके पर मदिरा निर्माण की भट्टी पाई गई, जिसे आबकारी बल द्वारा नष्ट किया गया। लाहन को लाने में असमर्थता के कारण मौके पर ही सैंपल लेकर उसे नष्ट किया गया।इसी क्रम में आबकारी वृत्त चांचौड़ा के प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी शएल.आर. करोसिया द्वारा ग्राम मुँहासा खुर्द, पैंची मंडी एवं बीनागंज बायपास क्षेत्र में दबिश दी गई, जिसमें 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 300 किलोग्राम गुड़ लाहन जब्त किया गया। आबकारी वृत्त गुना-1 एवं चांचौड़ा में कुल 05 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। जब्त की गई मदिरा एवं लाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 1,00,000/- है। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक राम हेत कुशवाह, आरक्षक दिनेश कुमार राठौर, गोविंद मीना, अरुण कुमार शर्मा, महिला आरक्षक जेम्मा एक्का, टीना वर्मा एवं होमगार्ड सैनिक महेश पिल्लई की भूमिका सराहनीय रही।

## गुना की शानदार जीत क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले**

**ग्वालियर ने भिवानी हरियाणा को हराया**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





38वीं आल इंडिया शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत 5 फरवरी 2026 को खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। दिन के पहले मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल भिवानी (हरियाणा) और हॉकी क्लब ग्वालियर के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ, जबकि दूसरे मैच में गुना की टीम ने नानापारा (उत्तर प्रदेश) को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।पहले मुकाबले में भिवानी और ग्वालियर की टीमें हाफ टाइम तक गोल रहित बराबरी पर रहीं।

दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन मजबूत रक्षा पंक्ति के चलते कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी।

हाफ टाइम के बाद ग्वालियर की ओर से रोहित प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागा, इसके बाद एक बेहतरीन फील्ड गोल कर टीम को 2-0 की निर्णायक बढ़त दिला दी। भिवानी की टीम को भी पेनल्टी कॉर्नर का मौका मिला, लेकिन वे उसे भुना नहीं सके। अंततः ग्वालियर ने यह मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया। दिन के दूसरे मुकाबले में नानापारा (उत्तर प्रदेश) और गुना के बीच मुकाबला खेला गया। गुना की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पहला फील्ड गोल कर बढ़त बनाई। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल दागते हुए दबदबा कायम रखा। नानापारा को भी पेनल्टी कॉर्नर का अवसर मिला, लेकिन वे गोल करने में असफल रहे। मैच के अंतिम चरण में गुना को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भुनाते हुए टीम ने चौथा गोल किया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुना की टीम ने अंततः 5-1 से मुकाबला जीत लिया।

इस जीत के साथ ही गुना की टीम ने प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों के उत्साह और कौशल ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। प्रतियोगिता में आगे भी कई रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है।

### आदर्श कॉलोनी में बड़ी चोरी नाकाम

## काली माता मंदिर में सेंधमारी, चांदी के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ

**सीसीटीवी में कैद हुए चोर पुलिस की गश्त व्यवस्था पर उठे सवाल**





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। श्रद्धा के केन्द्रों से लेकर रिहायशी इलाकों तक अपराधियों का आतंक फैलता नजर आ रहा है। बीती रात उदासी आश्रम स्थित प्रसिद्ध काली माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया, वहीं आदर्श कॉलोनी में सतर्क नागरिकों की जागरूकता से एक बड़ी चोरी टल गई।

दोनों घटनाओं ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदासी आश्रम वार्ड क्रमांक 14 में स्थित काली माता मंदिर, जो हनुमान मंदिर एवं सत्यनारायण मंदिर के बीच स्थित है, में 4 फरवरी 2026 की रात लगभग 2 बजे के बाद अज्ञात चोरों ने सेंध लगा दी। मंदिर के सेवक एवं निवासी श्यामसुंदर शर्मा (83 वर्ष) ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि चोर माता जी की चांदी की करदोनी एवं कलश लगभग 350 ग्राम वजन के चोरी कर ले गए, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये है। इसके साथ ही गंगाजल, अखंड ज्योति की झालर, डंका, लक्ष्मीजी का दीपक और दान पेटी में रखे लगभग 2 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है, जिसमें चोर साफ दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद अब तक किसी ठोस कार्रवाई का अभाव श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा कर रहा है। लोगों का कहना है कि जब मंदिर जैसे पवित्र स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिक कैसे खुद को सुरक्षित महसूस करे।वहीं दूसरी ओर आदर्श कॉलोनी में चोरों की एक बड़ी साजिश नाकाम हो गई। कॉलोनी निवासी अभिषेक निगम ने बताया कि उनका मकान निर्माणाधीन है और नीचे दुकान है, जिसमें कीमती सामान रखा हुआ है। चोरों ने दुकान में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन पास के मकान में रहवासियों के जाग जाने से उनके मंसूबों पर पानी फिर गया और वे मौके से फरार हो गए। पूरी घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी तस्वीरें पुलिस को सौंप दी गई हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।शहरवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग हर दिन कहीं न कहीं चोरी की कोशिश या वारदात सामने आ रही है, जिससे साफ जाहिर होता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।

नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तत्काल गिरफ्तारी हो और चोरों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शहर में कानून व्यवस्था बहाल हो सके।कुल मिलाकर, एक ओर जहां काली माता मंदिर में हुई चोरी ने धार्मिक आस्था को गहरी ठेस पहुंचाई है, वहीं आदर्श कॉलोनी में बड़ी वारदात प्रशासन के लिए एक चेतावनी है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो शहर में अपराधियों का आतंक और भी बढ़ सकता है।

#### चोरों के निशाने पर हैं मंदिर

पिछले दिनों भुजरिया तालाब और गणेश मंदिर पर चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देखकर श्रद्धालुओं की आस्था को आहत कर दिया था ।हालांकि पुलिस ने इन दोनों ही वारदातों को तत्परता और सूझबूझ के साथ समय रहते सुलझा लिया लेकिन चोरों के निशाने पर शहर के धार्मिक स्थल अभी भी बने हुए हैं और उसी क्रम में काली माता मंदिर पर चोरों ने अपने मंसूबों को कामयाब कर दिखाया ।जबकि यह शहर के बीचो-बीच घनी आबादी वाले इलाके में स्थित मंदिर है ।जहां पर लगभग 24 घंटे लोगों की चहल पहल बनी रहती है।

#### गलियों में पुलिस की चहल कदमी नहीं

इन तमाम सारी घटनाओं के बाद और बीच बाजार में स्थित मंदिर से चोरों के द्वारा की गई इस वारदात के बाद एक बार फिर से शहर की पुलिस गश्त व्यवस्था पर लोगों ने सवाल खड़े किए हैं । लोगों का कहना है कि चोर लगातार घटनाओं को अंजाम दिए जा रहे हैं और पुलिस हाथ पैर हाथ धरे बैठी रहती है। शहर में कभी भी रात के समय तंग गलियों में पुलिस की चहल कदमी देखने को नहीं मिलती और जो मुख्य सड़कों से पुलिस की गाड़ी सायरन बजाकर निकल जाती है उसके बाद चोर और ज्यादा बेफिक्र हो जाते हैं।



## भदौरा में हुई निर्मम हत्या का 12 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

म्याना थाना पुलिस ने ग्राम भदौरा में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले का मात्र 12 घंटे में खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। 4 फरवरी को सुबह फरियादी देशराज पुत्र रतीराम कुशवाह निवासी ग्राम भदौरा ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता रतीराम कुशवाह उम्र 50 वर्ष की लाश बड़े मंदिर के पीछे गऊशाला रोड की पठार पर जंगली झाड़ियों के पास पड़ी है, जिसकी गर्दन धड़ से अलग थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र सिकरवार तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक का पंचानामा तैयार कर मर्ग कायम किया गया एवं फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 25/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर एसडीओपी विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए तथा आसपास के लोगों से गहन पूछताछ की। पुलिस की सतत विवेचना के परिणामस्वरूप मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपी इन्द्रभान पुत्र अमानसिंह खंगार उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त धारदार कुल्हाड़ी एवं रक्तरंजित कपड़े भी जब्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रारंभ में मृतक के परिजनों द्वारा किसी पर भी संदेह नहीं जताया गया था, इसके बावजूद पुलिस ने सूझबूझ एवं पेशेवर दक्षता से अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाकर बड़ी सफलता हासिल की।

## नपा टीम ने शॉपिंग मॉल व मैरिज गार्डन की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री के निर्देश पर गुरुवार को नगर पालिका टीम द्वारा विभिन्न मैरिज गार्डन एवं शॉपिंग मॉल में जाकर पार्किंग व्यवस्था, फायर एग्जीक्यूशन, नगर पालिका टैक्स एवं कचरे के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नगर पालिका टीम द्वारा रुद्राक्ष गार्डन टेकारी रोड, शिमला गार्डन सोनी कॉलोनी तथा विशाल मॉल में जाकर फायर सिस्टम, पार्किंग, सुरक्षा उपकरण एवं नगर पालिका के टैक्स के संबंध में जानकारी ली। नगर पालिका उपयंत्री नितिन चंदेल ने बताया कि कई स्थानों पर अव्यवस्थाएं पाई गई हैं, जिन्हें नोटिस जारी कर पूर्ति कराई जाएगी तथा अर्थदंड आरोपित किया जाएगा। कल शहर के दूसरे शॉपिंग मॉल एवं मैरिज गार्डन पर जाकर उक्त संबंध में जानकारी प्राप्त की जाएगी, पूर्णता नहीं पाए जाने पर उनके विरुद्ध अर्थदण्ड आरोपित कर सील करने की भी कार्रवाही की जा सकती है।आज की कार्रवाही के दौरान राजस्व शाखा से दिनेश नामदेव, इशान खान, अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अमित आर्य,शकील खान,बृजमोहन खरे,डिफेंस जादौन आदि उपस्थित रहे।





### वीबी जीरामजी का बूढ़े बालाजी मंडल कार्यशाला पर हुआ आयोजन

## नई योजना हर गांव की तस्वीर बदल देगी: चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





भाजपा बूढ़े बालाजी मंडल द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण एक्ट) (VB-G RAM-G) के अन्तर्गत जनजागरण अभियान के निमित्त मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें वक्ताओं द्वारा अधिनियम के बारे कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी एवं कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए प्रेरित किया ।जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश अहिरवार ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वी.बी. जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है।'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है।

मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी।

मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव ने कहा कि ₹वी.बी. जी-राम-जी₹ योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर सुनील शर्मा ,योगेश परसोलिया , गोविंद रजक ,कार्तिक चंदेल , विनोद धाकड़ , मोनू कुशवाहा, किशोर लोधा जी राजा पंत ,अमन शिवहरे कार्यशाला में भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्षगण, पार्षदगण, मातृशक्ति सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे !कार्यशाला का संचालन मंडल उपाध्यक्ष सुनील शर्मा एवं आभार मंडल प्रचार प्रसार मंत्री रविंद्र रघुवंशी ने माना ।

### शिव महिमा बस के चालक पर एफआईआर दर्ज, लापरवाही से बस चलाने पर पुलिस की कार्रवाई

गुना। शहर के भुल्लनपुरा (बीजी रोड) ओवरब्रिज पर बुधवार तड़के हुए दर्दनाक बस हादसे में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अपने ही भाई के समान क्लीनर को लापरवाही से बस चलाकर मौत के घाट उतारने वाले चालक सद्दाम खान के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने धारा 106 बीएनएस (लापरवाही से मृत्यु कारित करना) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।।तवाली पुलिस द्वारा की गई मर्ग जांच में यह तथ्य सामने आया है कि 18 वर्षीय मृतक छोटू उर्फ बिट्टू परिहार, शिव महिमा बस क्रमांक **MP** 08 **P** 0223 पर क्लीनर के रूप में काम करता था। बुधवार सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच चालक सद्दाम खान जज्जी बस स्टैंड से बारात की पार्टी भरकर विदिशा की ओर जा रहा था। जैसे ही बस ओवरब्रिज पर पहुंची, चालक ने वाहन को अत्यधिक तेज गति, लापरवाही और उतावलेपन से चलाया। बस के अगले गेट पर खड़े छोटू का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे सड़क पर जा गिरा, जिससे बस का पहिया उसे रौंदते हुए निकल गया। जांच अधिकारी सउनि तोरण सिंह ने बताया कि मृतक के भाई प्रद्युम्न परिहार के कथनों और मौके की जांच के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना पूरी तरह चालक की गलती से हुई थी। जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर विशाल डाबर की रिपोर्ट के अनुसार, छोटू को मृत अवस्था में ही अस्पताल लाया गया था। बता दें कि मृतक छोटू के माता-पिता का साया पहले ही उठ चुका था। वह अपने बड़े भाई का इकलौता सहारा था और मेहनत-मजदूरी कर अपना पेट पाल रहा था।

## समाचार संक्षेप

### संतोष कुमार कश्यप के सेवानिवृत्ति होने पर किया सम्मानित

**राघोगढ़।** उच्च श्रेणी शिक्षक संतोष कुमार कश्यप के सेवानिवृत्ति होने पर सेवानिवृत्ति आयोजन में पधारे मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह , मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव ,जनपद अध्यक्ष चंद्र मोहन मीणा, नपा अध्यक्ष विजय कुमार साहू, रेल मंडल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य विजय कुमार जैन एवं समाज सेवी अशोक भारील्य, सर्व प्रथम पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक ने संतोष कश्यप को साफ बांधकर के स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ,43 वर्ष 5 माह के कार्यकाल में




विजयपुर, राघौगढ़, आवन, ओर गावरी में रहकर पूर्ण किया यह एक शिक्षक के साथ साथ ,सामाजिक कार्यों, रामलीला मंचन के कलाकार ,कार्यकर्ता, सफल मंच संचालक, आदि कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते रहे हे आयोजन में विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा सेवानिवृत्ति एक यात्रा का अंत नहीं,बल्कि अनुभवों की अमूल्य धरोहर है। साथ ही साथ अपनी शुभारंभ परिवार को प्रेषित की कार्यक्रम में पूर्व न पा अध्यक्ष विजय जैन , पेंशनर संघ के अध्यक्ष आर वी एस परिहार ,डॉक्टर बृज नारायण कश्यप , ने भी संबोधित किया । साथ ही साथ शिक्षक आनंद श्रीवास्तव ने स्वयं द्वारा रचित रचना का वाचन किया समाज सेवी कृष्ण गोपाल कश्यप ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर अपने अनुभव साझा किए । आयोजन में आस पास के शिक्षा विभाग के साथी मित्र एवं समाज बंधु उपस्थित रहे । आयोजन का विधिवत संचालन ललित कुमार वास्त्री एवं कुलदीप कश्यप पार्षद प्रतिनिधि वार्ड2 ने संयुक्त रूप से किया अंत में संतोष कश्यप ने अपने कार्यकाल में क्या कुछ उतार चढ़ाव देखे ओर इस 43 वर्ष में समय को सभी के साथ साझा किया।

### विद्यालय राष्ट्रवर्धन कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में दंतचिकित्सा कैम्प का आयोजन

**राघौगढ़।** स्थानीय विद्यालय राष्ट्र वर्धन कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल राघौगढ़ में में डी.वी.एस. एडवांस क्लिनिक के सहयोग से दंत चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/ छात्राओं के दांतों की जांच और उपचार किया गया। इस अवसर पर, विद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश भारद्वाज ने पधारे हुए दंत चिकित्सकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और उन्होंने बताया कि हम हमारे दांतों के स्वास्थ्य का महत्व समझे और अपने दातों को स्वस्थ कैसे रखे इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह ₹दंत चिकित्सा जागरूकता कैम्प₹ आयोजित किया गया है।कैम्प



में दंत चिकित्सकों की टीम ने छात्रों के दांतों की जांच की और आवश्यक उपचार प्रदान किया। छात्रों को दांतों की देखभाल के बारे में भी जानकारी दी गई।दंत चिकित्सा कैम्प में मुख्य रूप से गांधी मेडिकल कॉलेज के पूर्व चिकित्सक डॉक्टर साहिब अली ने छात्रों के दांतों की जांच की और उनकी दांतों की देखभाल के बारे में जानकारी दी। और बताए कि दंत स्वास्थ्य का महत्व समझाने के लिए यह कैम्प बहुत उपयोगी है,विद्यालय में चिकित्सा कैम्प आयोजित करना एक अच्छी पहल है इससे बच्चों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।डॉ.रिया जैन के द्वारा भी विद्यालय के छात्र/छात्राओं को ब्रश करने के सही तरीके और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी गई. विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने पधारे हुए अतिथि चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य योगेश भारद्वाज शिक्षिका मंजू साहू, नीलम वास्त्री, अजरा खान एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


## गुना जिले की कुंभराज तहसील में भ्रष्टाचारी चरम पर

# आरआई और पटवारी द्वारा दारु के नशे में की जाती है पीड़ित किसान से अभद्रता

- पीड़ित किसान के पक्ष में आए हुए आदेशों को हर बार कर दिया जाता है दरकिनार
- वर्तमान में भी तहसीलदार महोदय नें दिखाई जादूगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा


पीड़ित किसान बाबूलाल


राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र
मामला क्रमांक 0413/ब-121/2025-26
31/12/25 प्रकरण आदेशार्थ प्रस्तुत ।

गुना जिले के कुंभराज तहसील में इन दिनों भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। यहां की कार्य प्रणाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीड़ति किसान को आज तक न्याय नहीं मिल पाया है, जिसमे तहसीलदार वर्मा के द्वारा गुना जिले के कलेक्टर महोदय के आदेशों को भी दरकिनार कर दिया जाता रहा है, जिसमे दबंग परिवार द्वारा ऐसे अधिकारियों के साथ सांठ गाँठ करते देखा जा रहा है। इस मामले में जब पीड़ित किसान बाबूलाल जी से पूंछा गया तब उनके द्वारा बताया है कि 18 से 20 वर्षो से दबंग परिवार द्वारा हमारी कृषि भूमि पर कब्ज़ा कर मकान निर्माण कर लिए है और उसकी शिकायत कब्जे के समय थाना कुंभराज से लेकर तहसीलदार,को दी थी और कार्यवाही का निवेदन भी किया था।

लेकिन पुलिस की सांठ गाँठ और तहसीलदार की सांठ गाँठ से हमें आज तक न्याय नहीं मिल पाया है, और आज इस वर्तमान तहसीलदार द्वारा भी भ्रष्टाचारी में लिफ्त होकर हमें न्याय दिलवाने में लापरवाही बरती है। तहसीलदार द्वारा उक्त हमारी पुस्तेनी जमीन को भी शासकीय घोषित भी कर दिया गया है। जिसकी लड़ाई हमने 20 सालों से ज्यादा समय तक लड़ी और अंत में भ्रष्टाचारी में लिप्त होकर अधिकारियों द्वारा हमें न्याय नहीं दिया है। जिसमें कुंभराज के आर आई और पटवारी महोदय भी हमें दारू के नशे में अभद्र व्यवहार करके भगा देते हैं। वही गुना के कलेक्टर महोदय कहते हैं कि आपको न्याय जरूर मिलेगा और इस प्रकार के भ्रष्टाचारी करने वाले तहसीलदारों पर गुना कलेक्टर महोदय कब कार्यवाही करेंगे। मीडिया के सवालों से भी तहसीलदार वर्मा भागते नजर आ रहे हैं, जिन मकानों को तोड़कर कृषि भूमि को कब्ज़ा मुक्त करना था उसे छोड़ कुंभराज के तहसीलदार महोदय वर्मा द्वारा और आर आई, पटवारी महोदय की भ्रष्टाचारी में भूमिका साफ साफ नजर आ रही हैद्ध ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा गुना कलेक्टर महोदय के आदेशों को दबाने के मामले लगातार आ रहें है और पीड़ितों का न्याय नहीं मिल पा रहा है।


एक हाथ से कैच पकड़कर 1000 रुपये का पुरस्कार

## आरोन कप 2026 सीजन-2 का भव्य आगाज़ प्रदेश स्तरीय टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

स्व. बलवीर सिंह रघुवंशी (पनवाड़ी हाट) की पुण्य स्मृति में स्व. राजा बलभद्र सिंह स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट "आरोन कप 2026" सीजन-2 का भव्य शुभारंभ के बाद से ही प्रतिदिन प्रदेश स्तर की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और दर्शक मैदान पर पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में टूर्नामेंट को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1,50,000 रुपये प्रवेश रघुवंशी, सरपंच पनवाड़ी हाट द्वारा प्रदान किया जाएगा, जबकि द्वितीय पुरस्कार 75,000 रुपये अंकित रघुवंशी, बरोद की ओर से दिया जाएगा। आकर्षक पुरस्कार राशि के कारण प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों के बीच जीत की जबरदस्त होड़ देखने को मिल रही है और हर मैच रोमांच से भरपूर हो रहा है।मैदान पर दर्शकों की भी भारी भीड़ उमड़ रही है और हर मुकाबले में उत्साह चरम पर नजर आ रहा है। आयोजन समिति ने दर्शकों के लिए भी विशेष आकर्षण रखा है। बाउंड्री वॉल के बाहर यदि कोई दर्शक एक हाथ से कैच पकड़ता है, तो उसे समिति की ओर से 1000 रुपये की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जा रही है।आज खेले गए मुकाबलों में दर्शकों के बीच कैच पकड़ने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पहले मैच में खामखेड़ा निवासी सागर उर्फ़ लालू ने बाउंड्री के बाहर शानदार एक हाथ से कैच पकड़कर 1000 रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। उनके इस प्रदर्शन पर मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियों से जोरदार उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा दूसरे और तीसरे मैच के दौरान भी दर्शकों में से कैच पकड़ने वाले व्यक्तियों को समिति द्वारा 1000 रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।आरोन कप के तहत खेले जा रहे मुकाबलों ने क्षेत्र में खेल का माहौल बना दिया है। खिलाड़ियों का प्रदर्शन और दर्शकों का उत्साह इस आयोजन को और भी खास बना रहा है।

## नगर परिषद आरोन के वार्ड क्रं 15 में आयोजित शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन


कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार 5 फरवरी को नगर परिषद आरोन में शहरी विकास अभिकरण डूडा गुना परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा नगर परिषद आरोन के वार्ड क्र 15 में आयोजित शिविर, शासन की महत्वाकांक्षी पहल "संकल्प से समाधान" अभियान की समीक्षा की गई।



समीक्षा के दौरान आयोजित शिविर में परियोजना अधिकारी महोदय ने उपस्थित नागरिको से संवाद करते हुए नागरिको से अपील की कि वे शासन की योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ ले तथा अपनी समस्याओ के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु आयोजित शिविरो मे सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करे। नगर परिषद के अधिकारियो एवं कर्मचारियो की उपस्थिति में अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, उपयंत्री मोहित बिजौले, सी ओ शेख जिगर खान, वार्ड प्रभारी, नगर परिषद स्टाफ,वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, हेल्थ वर्कर सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

## रोड ओवर ब्रिज निर्माण हेतु रेल्वे ने राज्य शासन से सहमति एवं बजट मांगा, विजय कुमार जैन ने कलेक्टर गुना को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़




साडा कॉलौनी राघौगढ़ के समीप अंडरपास जिसमें बरसात में पानी भरने से गड्ढे हो जाते हैं।

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने किशोर कुमार कन्याल कलेक्टर गुना को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि रुठियाई मक्सी रेल लाइन पर साडा कॉलौनी राघौगढ़ से गेल विजयपुर होकर राजस्थान जाने वाले मार्ग पर स्थित अंडरपास के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण हेतु राज्य शासन से सहमति एवं बजट उपलब्ध कराने कार्रवाई करने का कष्ट करें। विजय कुमार जैन ने उल्लेख किया है । उक्त अंडरपास से आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। अंडरपास के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। आपके पत्र के उत्तर में मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे ने गत दिवस भेजे पत्र में लिखा है कि अंडरपास के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए उपयोगिता वर्ष जारी कर दी गई है। राज्य शासन की ओर से सहमति प्रस्ताव एवं बजट उपलब्ध कराए जाने पर ही रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा सकेगा। विजय कुमार जैन ने मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ के विधायक जयवर्धन सिंह से भी चर्चा कर अनुरोध किया है कि उक्त रोड ओवर ब्रिज निर्माण हेतु राज्य शासन से बजट में प्रावधान करने के लिए कार्रवाई करने का कष्ट करें। जयवर्धन सिंह ने बताया है उन्होंने ने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की है बजट में प्रावधान करने की कार्रवाई करें। विजय कुमार जैन ने श किशोर कुमार कान्याल कलेक्टर गुना को एक और पत्र भेजकर उल्लेख किया है कि रुठियाई रेल स्टेशन के समीप रेल्वे फाटक क्रमांक 71 पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण लंबित है। पत्र में यह उल्लेख किया है कि रोड ओवर ब्रिज निर्माण हेतु मध्य प्रदेश के हिस्से के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट20 25- 26 में भी प्रावधान किया गया है। मगर यह प्रकरण प्रबंधक मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम संभाग ग्वालियर के कार्यालय में लंबित है। आपने पत्रों की प्रतिलिपि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा भोपाल, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, पंकज त्यागी मंडल रेल प्रबंधक भोपाल, सौरभ कटारिया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल को भी भेजी है।

## लीनेस क्लब ने जिला अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर




कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, विश्व में कैंसर से लाखों लोगों की मृत्यु होती है। 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के मौके पर क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को समय से पहले यदि पहचान लिया जाए तो इसका इलाज संभव है। यह दिन समान इलाज का अधिकार याद दिलाता है। कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर क्लब की सदस्य डॉक्टर मेघा भबर ने बताया कि हम स्वस्थ जीवन शैली अपना कर एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच परीक्षण से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर डॉक्टर आस्था अग्रवाल मौजूद रहीं, उन्होंने ने बताया कि नशे एवं तंबाकू के सेवन से दूर रहना चाहिए। फल एवं सब्जियों का प्रयोग हमें स्वच्छ जल से अच्छे से धोकर उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कैंसर के बचाव के लिए टीकाकरण भी सरकार द्वारा उपलब्ध है। हम टीकाकरण द्वारा भी कैंसर से बचाव कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल विजया अग्रवाल रश्मि अग्रवाल डॉ रजनी शुक्ला, प्रियंका अग्रवाल, अरुण अरोरा, सोनम सोनी ,माधुरी सोनी, सीमा बत्रा उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टरों को सम्मानित भी किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में सचिव मनीष अनुरागी के निर्देशन में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जिला अशोकनगर के कलेक्ट्रेट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ गुरूवार को दूसरे दिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में आंगनबाड़ी महिलाओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, मध्य प्रदेश पीड़ति प्रतिकर एवं नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।साथ ही शिविर में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वह समझौता करने में गांव के लोगों की मदद करें। रोकेट लर्निंग एवं जस्ट फॉर राइट एवं रघुकुल सेवा समिति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त हो सके उसके बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

मुख्यतः फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी द्वारा प्रदान की। दहेज प्रतिषेध अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समझाया कि दहेज एक सामाजिक विकृतियों में आता है जिसके कई आयाम हैं, मानसिक तनाव, अवसाद आदि जिनके बारे में विस्तृत जानकारी दी । शिविर के अंत में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का निःशुल्क नंबर 15100 एवं बच्चों का आपातकालीन नंबर 1098 दिया गया जिसका अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा गया।

## एसआईआर से जुड़ी समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**श्योपुर।** एसआईआर को लेकर जारी किए गए नोटिसों को लेकर मतदाताओं के सामने आ रही परेशानियों को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम ज्ञापन जिला उप निर्वाचन अधिकारी संजय जैन को सौंपते हुए नागरिकों के मन में उठ रही शंका आशंकाओं को शांत करने की मांग की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि इन दिनों एसआईआर के तहत जिले में एक लाख 37 हजार 475 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं नोटिस को लेकर मतदाता डरे हुए हैं लोग अपना काम मजदूरी छोड़कर मतदान केंद्र पर नोटिस का जवाब देने पहुंच रहे हैं लेकिन केंद्र पर आपके द्वारा नियुक्त किए गए एआईआरओ नहीं मिलने के कारण उन्हें कई कई घंटे बैठकर वापस आना पड़ रहा है।

## मां जानकी करीला मंदिर पर वालंटियरों को अग्नि सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुंगावली

मां जानकी करीला मंदिर प्रांगण में गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनय कुमार भट्ट के निर्देश पर नगर परिषद मुंगावली के फायर ब्रिगेड प्रभारी नवेद काज़ी द्वारा करीला धाम ट्रस्ट के सभी वालंटियरों को अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन यंत्र द्वारा आग़ पर काबू पाने की प्रक्रिया समझाई गई एवं फायर उपकरण चलाकर आग नियंत्रण करने की विधि बताई गईं।

बता दें कि मां जानकी करीला धाम एक प्रसिद्ध स्थान है जहां श्रद्धालुओं का प्रतिदिन आवागमन बना रहता है इसके साथ ही विशेष त्योहार पर भी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का करीला धाम पर आगमन होता है जिसको मद्दे नजर रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन सुरक्षा का प्रशिक्षण आयोजित किया गया प्रशिक्षण में करीला ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव राजस्व विभाग से रईस खान एवं नगर परिषद से ट्रेनर नवेद काजी देवेन्द्र राजपूत एवं अन्य ट्रस्ट कर्मचारी वालेंटियर उपस्थित रहे।

### कथा में गोबरधन पूजा के प्रसंग पर चर्चा करते हुए इंद्र के घमंड के बारे में पूजा के महत्व को बताया

पिपरई। ग्राम खोरीवारी में आयोजित कथा में कथा बाचक ओमप्रकाश शास्त्री ने श्रीमद्भागवत में श्री गोवर्धन पूजा का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण की लीला, इंद्र के अभिमान के दमन और प्रकृति-पूजा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जहाँ श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की इंद्र की भयंकर वर्षा से रक्षा के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया, जिससे इंद्र का घमंड चूर-चूर हो गया और यह प्रसंग कृतज्ञता व ईश्वर पर निर्भरता का प्रतीक बन गया, जिसे आज भी अन्नकूट उत्सव के रूप में मनाया जाता है। कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पूजा करके हमारी गायों को इंद्र के प्रकोप से बचाया और गायों की रक्षा की। उन्होंने उपदेश दिया कि गाय हमारी पूज्यनीय है इसलिए हमें गौ माता की पूजा करनी चाहिए। कथा मे सभी धर्म प्रेमी भक्त जनों ने कथा का श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

## किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत मोटर साइकिल रैली का आयोजन हुआ




**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में मोटर साइकिल रैली का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में आयोजन किया गया। मोटर साइकिल रैली को सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मण्डी के अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया।

### सांसद प्रतिनिधि ने रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

रैली का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर से पछाड़ीखेड़ा (विमानों का चबूतरा) तक किया गया। मण्डी परिसर में उपस्थित कृषकों को किसान कल्याण वर्ष 2026, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मोटे अनाजों का महत्व, नरवाई न जलाकर नरवाई का प्रबंधन, उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन प्रणाली, ए.आई.एफ.पी.एम.एफ.एम.ई. आदि कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार कर कृषकों को संदेश दिया गया। कार्यक्रम में हरिओम नायक सांसद प्रतिनिधि, अमित सिंह उपसंचालक कृषि, मण्डी सचिव भागीरथ अहिरवार, दीवान सिंह जाटव जिला सलाहकार कृषि, शैलेन्द्र पुरोहित मिट्टी प्रीक्षण प्रयोगशाला सहित किसान बंधू उपस्थित रहे।

## वेतन का समय पर भुगतान किए जाने की संगठनों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर





मध्यप्रदेश अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं पेंशनर संघ जिला अशोकनगर के अध्यक्ष मनोज भटनागर ने कहा है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली एवं लिपिक वर्ग की शिक्षकों के प्रति उदासीनता के कारण विगत कई माह से वेतन का भुगतान समय पर नहीं किया जाता एवं अन्य प्रकरण लंबित हैं जिससे शिक्षकों में काफी निराशा का वातावरण बना हुआ है। यदि व्यवस्था में सुधार नहीं होता तो संयुक्त मोर्चा शीघ्र ही जिलाधीश से भेंटकर समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपेगा। संयुक्त मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश गुप्ता ने बताया कि शिक्षकों ने बैंकों से एवं अन्य कंपनियों से कई प्रकार के लोन ले रखे हैं जिसकी किस्त 2 से 5 तारीख तक प्रति माह कटती है। यदि भुगतान नहीं होता तो विलंब शुल्क देना पड़ती है एवं सिबिल स्कोर भी कम कर दिया जाता है इसका सारा दोष अधिकारियों एवं लिपिक वर्ग की उदासीनता की ओर जाता है।विगत कई माह से वेतन का भुगतान नियत 1 तारीख को कभी नहीं किया गया। यह चिंताजनक है यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता तो प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही जिलाधीश से संपर्क कर आगे की रणनीति तैयार करेगा।

## रोटरी मेडिकल मिशन कैम्प के माध्यम से 141 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत रोटरी परिवार एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के सहयोग से मध्यप्रदेश शासन द्वारा अशोकनगर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाढ़ौरा में गुरुवार को कैम्प का शुभारंभ हुआ।

इस शिविर में डॉ. नाजिद खान, डॉ नीलेश माहौर एवं उनके सहयोगी नर्स, आशा कार्यकर्ता, लेब तकनीशियन,ए. एन. एम. सहित स्टाफ ने 141 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया एवं आवश्यक होने पर दवाइयां दी। 19 मरीज जिला अस्पताल अशोकनगर के लिए रेफर किये गये।सभी मरीजों का चेक अप किया जाकर, बीपी शुगर ब्लड की जांच,दवाई वितरण सभी कार्य निःशुल्क किये गये। रोटरी क्लब की और अध्यक्ष अजित कुमार जैन, असिस्टेंट गवर्नर अमित गोयल, समाजसेवी बृजेश पांडे ने उपस्थित रहकर सहभागिता की। इस प्रोजेक्ट के तहत ज्यादा गंभीर बीमारी के मरीजों को 17 मार्च से 24 मार्च 2026 तक शिवपुरी में आयोजित विशेष शिविर में इलाज के लिए भेजा जाएगा जहां विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उनका इलाज करेगी। अभी 18 फरवरी तक जिले के सभी प्राइमरी स्वास्थ केंद्रों पर विभिन्न दिनांकों पर परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बाइक ने स्कूटी में टक्कर मारी, किशोर घायल

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम लागौन थाना जखौरा जिला ललितपुर निवासी अमन सिंह पुत्र वीर सिंह चैहान उम्र 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चन्देरी राजघाट रोड़ पर ग्राम कुंवरपुर के समीप अज्ञात चालक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आइ हैं।

### जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुआ के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने मगरदा क्षेत्र की लक्ष्मीनगर कॉलोनी में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मुनेश रघुवंशी, अंशल साहू और चैन सिंह साहू को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 850 रूपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही शंकरपुर मगरदा के खाली प्लाट में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए भानू साहू, विशाल लोधी और संजय आदिवासी को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से ताश की गडडी सहित 1050 रूपए बरामद किए हैं।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई निवासी कृष्णाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी निर्मल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी शिवानी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भोपाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ौरा निवासी हरवीर पुत्र सुन्दर गिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश गिरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुआखाड़ी निवासी प्रताप सिंह बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गंगाप्रसाद, परमाल और जुगराज बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार के आवेदन 27 फरवरी तक

**अशोकनगर।** म.प्र.हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरो को प्रोत्साहित करने हेतु कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु बुनकरो द्वारा स्वंय उत्पादित प्रविष्टियों जिनमें अपनी योग्यता एवं कारीगरी एंव कल्पनाशीलला दिखाई गई हो। जिसमें जिले में उत्पादित चन्देरी वस्त्रो में परम्परागत वस्त्र विशेष डिजाईन वाले वस्त्रो में शामिल किया जाए। पुरुस्कार का चयन रंग समन्वय रंग संयोजन डिजाईन के उत्कृष्टता के आधार पर प्रदेश की सक्षम कमेटी द्वारा किया जायेगा। कबीर बुनकर प्रोत्साहन हेतु प्रथम पुरुस्कार 01 लाख रूपये,द्वितीय पुरुस्कार 50 हजार रूपये, तृतीय पुरुस्कार 25 हजार रूपये है। इस योजना से संबंधित नियम एंव शर्तों जिला हाथकरघा कार्यालय चन्देरी में उपलब्ध है। प्रविष्टियों निर्धारित आवेदन के साथ लूम पर बुनाई करते फोटो सहित जिला हाथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र चन्देरी में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 निर्धारित है।

### अशोकनगर विकासखंड समन्वयक सम्मानित किए गए



**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम 2025 26 में उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह प्रशस्ति पत्र डॉ बकुल लाड कार्यपालक निदेशक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ गोल्ड श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है।

---

#### विरोध के चलते मृतक का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका

# करंट लगने से युवक की मौत, परिजन बिफरे, अस्पताल में जोरदार हंगामा किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल में शाम को एक युवक की मौत के बाद परिवारजन और उसके रिश्तेदार हंगामा करते हुए नजर आए। उनकी मांग थी कि उन्हें बताया जाए कि कैसे उसकी मौत हुई। जिसके विरोध के चलते मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। शुक्रवार को मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा, पुलिस परिवारजनों और रिश्तेदारों को मौके पर समझाते हुए नजर आई।

जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम मानकचैक हाल निवासी त्रिलोकपुरी कॉलोनी राजेश पुत्र गोकुल जाटव उम्र 35 साल को करंट लग गया था जिसके बाद धर्मेन्द्र यादव द्वारा राजेश जाटव को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद मृतक का शव पोस्ट मार्टम कक्ष में रखवाया गया था और घटना की सूचना मृतक के परिवार जनों को दी गई थी। जानकारी मिलने के बाद परिवार जन और रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान समाज के लोग भी सूचना मिलने के बाद जिला अस्पताल पहुंच गए। इस घटना को लेकर महिलाएं भी जिला अस्पताल पहुंच गईं। इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा पोस्ट मार्टम नहीं कराया और कहा कि पहले आरोपियों पर मामला दर्ज किया जाए, जिसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया और परिवारजनों को समझाईस दी गई। लेकिन परिवार के लोग मानने तैयार नहीं थे जिसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम शुक्रवार को किया जाएगा।

घटना के बारे में सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान ने बताया कि राजेश जाटव शिवकुमार रघुंवशी निवासी ग्राम बगुल्या के यहां वाहन चलाने का काम करता था। इस दौरान खंबे पर चढ़कर बिजली का कनेक्शन जोड़ रहा था इसी दौरान उसे करंट लग गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों की मांग है कि शिवकुमार रघुवंशी पर मामला दर्ज किया जाए, इस तरह की मांग किए जाने के कारण मृतक का पोस्टमार्टम शुक्रवार को किया जाएगा। घटना को लेकर परिवार जनों का कहना है कि उन्हें शिवकुमार रघुवंशी द्वारा घर से बुलवाया गया था और उन्हें बिजली के खंबे पर चढ़ा दिया जबकि वह ड्रायवर है, जैसे ही वह बिजली के खंबे पर चढ़े और उन्हें करंट लग गया जिसके बाद न तो मालिक आया न कोई कर्मचारी बचाने आया, उन्हे मोहल्ले का निवासी धर्मेन्द्र यादव सड़क से निकल रही टेक्सी में रखकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

युवक के ससुर ने बताया कि मृतक के 4 बच्चे हैं जो कि छोटे छोटे हैं, परिवार जन यह भी मांग करते हुए दिखाई दिए कि उन्हें राजेश जाटव को दिखाया जाए कि कहां पर करंट लगा है, पुलिस ने परिवार जन और रिश्तेदारों मे से 5 लोगों को मृतक को दिखाया। शव देखने के बाद परिवार जनों ने कहा कि उसके हाथ में करंट लगा है, परिवार जन एफआईआर दर्ज करने की मांग करते नजर आए। हंगामे की जानकारी मिलने के बाद सिटी कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान जिला अस्पताल पहुंचे और परिवार जनों से कहा कि आपके कहे अनुसार जांच कर मामला दर्ज किया जाएगा, उसके बाद ही पोस्टमार्टम होगा। उन्होंने परिवारजनों के साथ संवेदना व्यक्त की जो भी घटनाक्रम हुआ है उसकी निष्पक्ष जांच होगी जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही होगी।

---

## सचिव संगठन ने कलेक्टर को सचिवों की समस्या से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन अशोकनगर के द्वारा जिले के नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और मुलाकात की।

कलेक्टर ने सचिवों के बारे में कहा आप लोग ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के शासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आप सचिव ही शासन की योजनाओं को आम जनता तक असली जामा पहनाते हो, आप सभी अपना कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ करते हो और आगे भी जिले को हर योजनाओं में आगे रखे रहेगें। पंचायत सचिव संगठन ने कलेक्टर को आश्वत किया कि जिले को हर योजना में प्रथम रखा जाएगा। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश अवस्थी संभाग प्रवक्ता हितेंद्र रघुवंशी जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव मुंगावली, जिला उपाध्यक्ष धनपाल यादव आदि मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की



अशोकनगर। आबकारी विभाग ने करीला में आयोजित होने वाले रंग पचंमी के मेले को देखते हुए अवैध शराब के ठिकानों पर कार्रवाई की है। इस दौरान 450 लीटर महुआ लहान को नष्ट किया गया है और 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी जीपी केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई प्रभारी आवकारी उपनिरीक्षक सुरेश रघुवंशी द्वारा की गई। आबकारी विभाग के अमले में आरक्षक अजय सिंह तौमर, वेंजती खरे शिवाली भिलाला शामिल थीं। इस दौरान विभाग के इस अमले में मोला डेम खाकलोन दंगलिया आदि ग्रामों में यह कार्यवाही की है। अवैध शराब बनाने वाले लोगों ने खेतों और झाड़ियों में यह लहान छुपा रखा था जो प्लास्टिक के 30 डिब्बों में जप्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया है। जिसकी बाजारू कीमत 75 हजार रूपए है। इस अवैध शराब को लेकर 5 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि करीला का मेला रंग पंचमी पर आयोजित किया जाता है। इस 3 दिवसीय मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस तरह की शिकायतें लगातार किलती रही है करीला में अवैध शराब बा विक्रय होता है जिसे रोकने के लिए अभी से ही यह कार्यवही प्रारम्भ कर दी गई है।

---

## परिवार नियोजन कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में डीएचओ-2 डॉ. रजनी छारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर से जिला कार्यक्रम प्रबंधक कपिलदेव पाराशर, डिस्ट्रिक्ट डीसीएम आनंद माथुर, परिवार नियोजन प्रभारी हरिनारायण माली, आई पास डेवलपमेंट फाऊंडेशन से संभागीय एवं जिला कोऑर्डिनेटर, सहित चंदेरी, मुंगावली, शाढ़ौरा एवं ईसागढ़ ब्लॉक से समस्त बीसीएम,बीईई,बीपीएम स्टोर कीपर एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान एचएमआईएस रिपोर्ट के अंतर्गत अप्रैल से दिसम्बर 2025 माह तक की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, अंतरा इंजेक्शन,ईएसबी पैरिटी रिपोर्ट सहित परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यक्रमों की गुणवत्ता, सुधार डेटा की शुद्धता, सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता एवं लाभार्थियों तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में डॉ. रजनी छारी द्वारा यह निर्देशित किया गया कि परिवार नियोजन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनसामान्य तक पहुंच योग्य बनाया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## ईसागढ़ महाविद्यालय में आत्मनिर्भर थीम पर ब्यूटीशियन कोर्स का समापन हुआ

**ईसागढ़।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व्यवस्था के तहत ब्यूटी पार्लर (ब्यूटीशियन) कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। 6 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को सौंदर्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया, जिससे वे भविष्य में अपना स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार ऋतु परमार सीडीपीओ रजनी बालू, आदि सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। आज ब्यूटीशियन कोर्स की अंतिम कक्षा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कोर्स शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ के प्रभारी प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहरलाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रमुख रूप से जयदीप कुमार रैकवार, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. दीपा वर्मा एवं डॉ. अंबिका प्रसाद ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समाज में रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं।

### करारिया लश्करपुर में 20 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**विदिशा।** ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर में 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने का आह्वान किया। सरपंच शशि जादौन ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

## ग्राम पंचायतों में खेल प्रतियोगिताओं तथा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में युवाओं को खेल के प्रति रूचि बढाने तथा नशा से दूर रहने हेतु खेल प्रतियोगिताओं एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण जबाव दर्ज कर शिकायतों का निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन की कोई नॉट अटेण्ड न रहे यह सुनिश्चित करें। माह जनवरी 2026 की ग्रेडिंग के आधार पर सी एवं डी रेटिंग वाले विभाग ग्रेडिंग में सुधार कर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने 100 दिवस के अधिक की लंबित शिकायतों पर आवश्यक निर्णय लेकर निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम डेशबोर्ड के अंतर्गत विभागों द्वारा पोर्टल पर दर्ज जानकारी की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की समीक्षा कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभागवार पोर्टल पर दर्ज योजनाओं की प्रगति के संबंध में विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जैविक हाट बाजार के प्रति जन जागरूकता बढाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के कृषकों को फूलों की खेती के प्रति जागरूक करने तथा क्लस्टर बनाकर मसाला निर्माण इकाई की ओर अग्रसर किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले के युवाओं को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभ दिलाकर रोजगार की मुख्य धारा से जोडने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गौशालाओं के सफल संचालन तथा बर्मी कम्पोस्ट खाद के संबंध में निर्देशित किया।

बैठक में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित नियमित रूप से बैठकों का आयोजन समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत एजेण्डानुसार अनुसार विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में ग्रामीण हाट बाजारों का निर्धारण,स्कूलों एवं कॉलेजों में स्वंयसिद्धा अंतर्गत आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण दिये जाने,आनंद संस्थान द्वारा प्रत्येक सप्ताह कार्यक्रम किये जाने,विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित सकारात्मक कार्यो को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। करीला मेला की तैयारियों के संबंध में विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा की।

## आदि कुमार की निकाली बारात नीलांजना का नृत्य देखकर हो गया वैराग्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कचनार पंचकल्याणक महोत्सव में गुरुवार को आदि कुमार की राजसी क्रियाएं हुई और समस्त राजाओं ने उनकी अधीनता स्वीकार करते हुए भेंट प्रदान की इसके बाद विवाह संस्कार हुए, महिलाओं ने मंगल गीत गाए, अष्टकुमारियों ने नृत्य किया। आदिकुमार की बारात निकाली गई। बारात का शुभारंभ महाराजा नाभिराय के घर से हुआ। इस दौरान बाराती नाश्ते गाते हुए निकले, इस दौरान जगह स्वागत हुआ राजाओं ने भेंट प्रदान की।

### प्रजा को दिया असि मसि, कृषि का संदेश

राजा आदिकुमार का दरबार सजा इस दौरान उन्होंने प्रजा को जीवन यापन की समस्या बताई, उन्होंने प्रजा को जीवन जीने की कला सिखाते हुए असी, मसी ,कृषि,विद्या, वाणिज्य की शिक्षा दी। नीलांजना का नृत्य हुआ, नाथ के बाद नीलांजना का मरण देख आदि कुमार को वैराग्य हो गया। इस दौरान उनके दीक्षा संस्कार हुए। मुनि दुर्लभ सागर महाराज ने विधि नायक भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की दीक्षा संस्कार की विधि कराई। इस दौरान पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठित किया कि जाने वाली सभी प्रतिमाओं के दीक्षा संस्कार संपन्न कराए गए।

### आज मनाया जाएगा ज्ञान कल्याणक

शुक्रवार को ज्ञान कल्याणक मनाया जाएगा, सुबह अभिषेक पूजन बस तब कल्याण की पूजन होगी, शांति हवन एवं आचार्य श्री की पूजन होगी। नव दीक्षित मुनिराज ऋषभदेव की आहार चर्या होगी। 6 महीने की कठिन तपस्या के भाग ऋषभदेव आहारचार्य को निकलेंगे। दोपहर में ज्ञान कल्याण की आंतरिक क्रियाएं संपन्न होगी प्राण प्रतिष्ठा होगी प्रतिमाओ को मुनि दुर्लभ सागर द्वारा सूरी मंत्र दिए जाएंगे ।

#### रासेयो के 7 दिवसीय शिविर का समापन

## ग्रामीणों को अभियान चलाकर जागरुक किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

रासेयो द्वारा 7 दिवसीय शिविर ग्राम ढुडैर में आयोजित किया गया जिसका 4 फरवरी 2024 को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सचिन सिंह द्वारा की गई। समापन समारोह के प्रारंभ में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा माता सरस्वती की वंदना का गायन किया गया। अखिलेश बघेल एवं कपिल अहिरवार द्वारा लक्ष्य गीत का गायन किया।

उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नशे के दुष्परिणाम पर एक प्रेरक नाटक का मंचन किया गया। उक्त नाटक के मंचन के पश्चात राष्ट्रीयता एवं बुंदेली संस्कृति के गौरव से ओतप्रोत लोकगीत जन्म दइयों विधाता बुंदेलखंड में का गायन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कपिल अहिरवार द्वारा बुंदेली लोक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष डॉ रंजीत सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को जीवन में सदैव सकारात्मक मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आहवान किया गया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज ठाकुर द्वारा स्वयंसेवकों को आपसी सहयोग एवं एक दूसरे की क्षमता का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में एक टीम की भांति कार्य करने की प्रेरणा एक रोचक कहानी के माध्यम से प्रदान की गयी।

### भारतीय संस्कृति सदैव से त्याग की है

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंह द्वारा अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि भारतीय संस्कृति सदैव से त्याग की संस्कृति है, जिसने संचय के स्थान पर त्याग किया, सामाजिक क्षेत्र में योगदान दिया उसको ही हमारी संस्कृति में पूजनीय माना गया है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के दौरान आपने जो अनुशासन, समरसता एवं सामुदायिक सेवा का भाव दिखाया है उसे आगे भी अपने जीवन में निरंतर अपनाएं, जिससे कि आप जीवन में अवश्य सफल होंगे एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर ग्राम ढुंढेर के सरपंच श्री सुरेंद्र यादव भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई के प्रभारी डॉ. करन सिंह राजपूत द्वारा सात दिवसीय शिविर का विस्तृत प्रतिवेदन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रवीण पांडे द्वारा आभार प्रदर्शन एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में डॉ आनंदी यादव क्रीड़ा अधिकारी का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### 2026-47 में स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता पर जोर

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में काफी मजबूत कदमः मंत्री टेटवाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय बजट 2026 को देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करने वाला है।

उन्होंने कहा कि बजट में समावेशी विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देते हुए किसान, युवा, महिलाएं, श्रमिक, मध्यम वर्ग और उद्योग सहित सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने के प्रावधान किए गए हैं। डॉ. टेटवाल ने बताया कि बजट में गरीब कल्याण, कृषि विकास, रोजगार सृजन और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, सिंचाई, भंडारण और ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे मध्यप्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य को सीधा लाभ मिलेगा। युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों को बढ़ावा देकर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। साथ ही महिला सशक्तिकरण के तहत महिला उद्यमिता, स्व-सहायता समूह, मातृ स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।

#### शिक्षा में महिलाओं की बढेगी भागीदारी

शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास को लेकर उन्होंने कहा कि हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाएंगे, जिससे महिलाओं की उच्च शिक्षा में भागीदारी बढ़ेगी। स्कूल और कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब तथा डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। इस बार स्कूल और उच्च शिक्षा बजट में 8.27 प्रतिशत तथा कौशल विकास में 62 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। धार्मिक नगरों के विकास के लिए 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए बायोगैस, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल उपकरणों पर आयात शुल्क में कमी की गई है।

#### स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 1000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में डायलिसिस यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिससे क्षेत्र के किडनी मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाकर महंगा इलाज नहीं कराना पड़ेगा। साथ ही 4000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। मंत्री टेटवाल ने बताया कि सिविल अस्पताल के पुराने भवन को हटाकर अस्पताल के सौंदर्य करण का प्रस्ताव भेजा गया है तथा अस्पताल कॉलोनी में नए डुप्लेक्स क्वार्टर निर्माण की स्वीकृति के लिए भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अस्पताल परिसर में शीघ्र रेन बसेरा प्रारंभ किया जाएगा तथा दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना शुरू की जाएगी। विधायक निधि से 10 लाख 50 हजार रुपए की एटीएम हेल्थ मशीन स्वीकृत की गई है, जिससे अस्पताल में ही आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि बालोड़ी एवं भूमका में 43 लाख रुपए की लागत से नए सब हेल्थ सेंटर का लोकार्पण किया जा चुका है। वहीं करोंदी, मऊ, सरेडी सराली एवं नेनावाडा में 55 लाख रुपए की लागत से सब हेल्थ सेंटर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा धनोरा, भ्याना, ब्यावरा मांडू, पाठक्या, चाकरोद एवं चिडलावनिया में पुराने सब हेल्थ सेंटर भवनों के उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पढ़ाना में बाउंड्री वाल निर्माण तथा घमंदा में दो नए क्वार्टर निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा महिला चिकित्सक की ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत पर मंत्री टेटवाल ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को सभी चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि डॉ. सरिता यादव की पुनः नियुक्ति की गई है, डॉ. अंकुर देशवाली की एमडीएमसी पद पर नियुक्ति सिविल अस्पताल सारंगपुर में की गई है तथा डॉ. जय सिंह बघेल की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, निर्मल जैन, सुधीर श्रीमाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# फेयरवेल पार्टी में हुए होली एंजल्स व केडीपीएस के विद्यार्थी अनुशासनहीन

### हाइवे पर जाम, यातायात पुलिस ने वाहनों के काटे चालान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों द्वारा आयोजित फेरवेल कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करना छात्रों एवं वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने कुरावर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की और फेरवेल जुलूस में शामिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार को नगर के नेशनल हाइवे पर स्थित एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर नगर से विद्यालय तक मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई छात्र तेज गति से चलती कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए, वाहन के गेट पर बैठकर सेल्फी लेते हुए तथा शोर-शराबा करते नजर आए। नेशनल हाइवे जैसे अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार का कृत्य न केवल छात्रों की जान के लिए जोखिमपूर्ण था, बल्कि आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना।यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। खबर लिखे जाने तक कुल 7 वाहनों में से 5 कार मालिकों की पहचान कर ली गई थी, जिन्हें थाने बुलाया गया। इनमें से 2 कारों एवं एक सांवरिया डीजे वाहन पर चालानी कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि शेष वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है।

#### बोले - थाना प्रभारी

थाना प्रभारी जितेंद्र मवई ने बताया कि, "हम अपनी ओर से शिक्षा विभाग को विद्यालयों की इस लापरवाही के संबंध में पत्र लिखेंगे। उसके बाद जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।"

विभिन्न कमियों पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

# लापरवाह कृषि अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में कलेक्टोरेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के जिलाधिकारी सहित मैदानी अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न मामलों में लापरवाही बरतने पर दंड स्वरूप जिले के 3 कृषि विस्तार अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि 1 वर्ष बढ़ाने के आदेश जिलाधीश द्वारा प्रदान किए गए। समीक्षा में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पाया कि कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा बीते महीनों में अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए भ्रमण से संबंधित जानकारी की प्रविष्टि ई-टूर प्लान में दर्ज नहीं की गई है। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं के विभिन्न घटकों के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति भी इन अधिकारियों नहीं की गई। उक्त लापरवाहियों पर कलेक्टर ने कृषि विस्तार अधिकारी खिलचीपुर सुश्री साक्षी साहू, कृषि विस्तार अधिकारी नरसिंहगढ़ प्रितेश पाटीदार एवं कृषि विस्तार अधिकारी सारंगपुर रोहित जाटव की तीन वर्षीय परिवीक्षा अवधि को, अवधि समाप्त होने की दिनांक से आगामी 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

#### क्या है परिवीक्षा अवधि

परिवीक्षा अवधि नवनियुक्त अधिकारियों के लिए एक तरह का टेनिंग पीरियेड रहता है जिसमें उनके कार्य के प्रदर्शन, कार्यशैली आदि का मूल्यांकन उच्चाधिकारियों द्वारा किया जाता है। अवधि समाप्त होने के बाद ही संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को वे समस्त लाभ पूर्णतः मिल पाते हैं जो एक नियमित अधिकारी, कर्मचारी को मिलते हैं।

द्रुत गति से चल रहा भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना का कार्य

# राजगढ़ नगर की सीमा में पहली बार पहुंची मालगाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बीते करीब 30 सालों से राजगढ़ नगर में रेल आने का इंतेजार कर रहे रहवासी शुक्रवार को खासे उत्साहित नजर आए। दरअसल 276 किलोमीटर लंबाई वाले भोपाल-रामगंज मंडी प्रोजेक्ट के तहत कल पहली बार राजगढ़ नगर की सीमा में कोई टेन पहुंची। हालांकि, यह एक मालगाड़ी थी लेकिन उसे देखने का ही इतना क्रेज नजर आया कि अनेकों लोग मालगाड़ी के साथ सेल्फी, वीडियो, फोटो लेते नजर आए।

आपको बतादें कि करीब 30 वर्षों पहले केंद्र सरकार ने भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना स्वीकृत की थी। शुरूआत में परियोजना की लागत महज 500 करोड़ थी लेकिन अनेकों कारणों से परियोजना में विलंब होता रहा। बाद में केंद्र सरकार ने इस परियोजना को अपने फास्टटेक प्रोजेक्ट में शामिल किया। बढ़ते-बढ़ते इस प्रोजेक्ट की लागत 3500 करोड़ तक पहुंच गई। इस प्रोजेक्ट के तहत अभी भोपाल सहित राजगढ़ जिले की सीमा में कईं स्थानों पर पटरियां बिछाने सहित ब्रिज निर्माण के कार्य अभी बाकी हैं। विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि इस साल के अंत तक परियोजना पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, फिलहाल तक ऐसा संभव होता नजर नहीं आ रहा है।

# शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल नरसिंहगढ़ में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन




**नरसिंहगढ़।** शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल में 4 फरवरी 2026 को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय एसडीएम नरसिंहगढ़ श्री सुशील कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक समिति की अध्यक्ष एवं संचालिका डॉ. वंदना सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत एवं अभिनंदन से हुई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा दिव्यांशा ने किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ वंदना सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें, क्योंकि ये गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पालकों को बच्चों से मोबाइल न देने का भी आग्रह किया एवं बालक ओर बालिकाओं की संपूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विशेष रूप से वीर शिवाजी के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, कृष्ण लीला एवं महिषासुर मर्दिनी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति देने वाले छात्रों के नाम है शिवाय राठौर, अथर्व कश्यप,वैदिक व्यास,प्रियांशी साहू, नंदिनी शिवहरे,वैदिक झाला शौर्य व्रत सिंह आदि। मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रशासनिक सेवा में आने से पूर्व वे शिक्षक रहे हैं और आज भी उन्हें शिक्षण कार्य से गहरा लगाव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अपनी इच्छाओं का बोझ न डालें, बल्कि उन्हें स्वाभाविक रूप से आगे बढ़ने का अवसर दें ताकि वे बिना दबाव के खिल सकें। अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रबंधन को इतने सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण के लिए शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

# महाशिवरात्रि की तैयारीः बैजनाथ धाम में रंग और रोगन कार्य शुरू



**नरसिंहगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री बाबा बैजनाथ शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति द्वारा बैजनाथ धाम स्थित बड़ा महादेव मंदिर में रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य स्वरूप देने के लिए दीवारों, गर्भगृह ,पार्वती माता मंदिर एवं नगार खाना के आसपास के हिस्सों में रंग-रोगन किया जा रहा है। देवस्थान प्रबंधन समिति के अनुसार महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु आने की संभावना रहती है, इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुन्दर वातावरण में भगवान शिव के दर्शन का लाभ मिलेगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## यूजीसी के नए नियम 2026 के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन




**सारंगपुर।** उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को यूजीसी द्वारा प्रस्तावित "उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम, 2026" के समर्थन में एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन नियमों का उद्देश्य शिक्षा संस्थानों में भेदभाव समाप्त कर सभी वर्गों को समान अवसर देना है। प्रस्तावित नियमों के तहत प्रत्येक संस्थान में इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेंटर, इक्विटी कमेटी, इक्विटी स्क्वॉड, 24×7 हेल्पलाइन और इक्विटी एम्बेसडर जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से इन नियमों को शीघ्र लागू करने की मांग की। ज्ञापन पर कई प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर रहे। इस दौरान महेश वर्मा,दीपक बाल्मीकि,कैलाश जिसोदिया,कमल सिंह,अरविंद्र अहिरवार,कमल मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

### पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# 2 पशु चिकित्सकों की वेतनवृद्धि रोकी, कुछ को शोकाज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विभिन्न विभागों के तहत चल रही योजनाओं के संबंध कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में लक्ष्यों के विरुद्ध कमतर प्रगति पाए जाने पर जिम्मेदारों की वेतनवृद्धि रोकने, शोकाज नोटिस सहित अन्य तल्ख कार्यवाहियां भी की जा रही हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के विरुद्ध अपेक्षाकृत कम प्रगति पाई गई। नरसिंहगढ़ में कामधेनु योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समय पर स्वीकृत नहीं किए जाने पर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) वितरण योजना में ब्यावरा के निम्न प्रदर्शन पर डॉ. अनीता पवार एवं डॉ. श्रुति सुमन की एक वेतनवृद्धि रोक दी गई। साथ ही इस लापरवाही पर आयुक्त, पशुपालन विभाग से भी पत्राचार करने के निर्देश भी दिए गए। चलित पशु चिकित्सा इकाई में कॉल अटेंड नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए।

#### पशु टेगिंग के बगैर न दी जाए अनुदान राशि

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि बिना पशु टैगिंग के किसी भी योजना अंतर्गत अनुदान नहीं दिया जाएगा। यदि ऐसा किया गया तो वितरित राशि संबंधित व्यक्तिगत डॉक्टर के वेतन से वसूली जाएगी। साथ ही प्रत्येक प्रकरण के स्वीकृत एवं डिस्बर्समेंट की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित डॉक्टर की होगी। बैठक में राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। सेक्स सॉर्टेड उपलब्धि में निम्न प्रदर्शन पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## नगर परिषद ने शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन लिए




**जीरापुर।** शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को योजना का त्वरित लाभ पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य से प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा शिव मंदिर रामलीला चैक में वार्ड क्रमांक 07, 08, 09 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित किया गया जिसमें लोगों की समस्या सुनकर आवेदन लिए गए। जहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, नपा कर्मचारी रमेश मालवीय, ओंकार लाल मंडलोई, कमल भावसार, राकेश मंडलोई जसवंत दांगी, कमल मंडलोई, अजय दांगी राजेन्द्र खींची, मनोहर दांगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंगला गुप्ता एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुरे वर्ष भर विधालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया,जिसमे स्काउट एवं गाइड दल, रेडक्रास दल, पुलिस स्टूडेंट्स कैडेट्स, अनुशासन, विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम,पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता, शाला में सर्वाधिक उपस्थिति, खेलकूद योग सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

छात्रों को संबोधित करते हुए बीआरसी गजेन्द्र शर्मा ने आने वाली वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बारे में बताया। इसके पूर्व विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। समीति के अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने छात्रों को दिए गए अपने उद्बोधन में अपने जीवन में सफलता हासिल करने के टीप्स से



समझाया एवं कहा कि हम अपनी बुद्धि से उत्कृष्ट , अपनी सूझबूझ से अग्रसर हो सकतें हैं लेकिन संतुष्टि से काम को करें तो हमें कोई हंसी का पात्र नहीं बना सकते हैं ऐसे में छात्रों को आने वाली वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन स्काउटर शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा ने किया। इस दौरान विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें देशभक्ति गीत, देश प्रेम , शायरी के माध्यम से शहीदों को याद किया तथा बताया कि देश के लिए चाहें हमने मिटना पड़े हम अपने देश पर आंच नहीं आने देंगे।

## विनोद देवी की आंखें सदा के लिए प्रकाशमान

**ब्यावरा।** जिले के तलेन में दूसरा नेत्रदान स्व विनोद देवी अग्रवाल पत्नी घनश्यामदास अग्रवाल के निधनोपरांत नेत्रदान समिति के राजगढ प्रतिनिधि कपिल भटटर ने उनके सुपुत्र अजय अग्रवाल से सम्पर्क कर नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा गुप्ता को सूचित किया जिस पर पूजा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए भोपाल मेमोरियल अस्पताल से डॉ योग अग्रवाल,डॉ खुशबु एवं महेश तीर्थानि ने पहुंच कर नेत्रदान यथा समय सम्पन्न करवाया । नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की नेत्रदानी विनोदी देवी धार्मिक एवं सर्वकल्याण में भरोसा रखने वाली महिला थी उनका नेत्रदान समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाएगा.नेत्रज्योति सदा प्रकाशमान रहती है अतः नेत्रदान अवश्य करे।